हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 25 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 44 .6 डिग्री
न्यूनतम 22 .2 डिग्री

11 देव विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव में हुआ ...



12 सुभाष चौक के पास शाम होते ही सज रही महफिल...



# मेयर के लिए भाजपा उम्मीदवार समेत तीन ने किया नामांकन, कांग्रेस ने पार्षद प्रत्याशियों को सिंबल बांटे

■ आज अंतिम दिन, 50 से अधिक प्रत्याशियों के पर्चा भरने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। नामांकन प्रक्रिया के अहम चरण में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार राजीव जैन ने समर्थकों के शक्ति प्रदर्शन के बीच रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा की ओर से कवरिंग कैंडिडेट के रूप में राजीव जैन के पुत्र दिव्यांक जैन ने भी नामांकन भरा, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी संत धर्मवीर चोटीवाला ने भी अपनी दावेदारी पेश की। अतिरिक्त उपायुक्त एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय चोपड़ा के कार्यालय में तीनों उम्मीदवारों ने अपने दस्तावेज जमा कराए।शनिवार को नामांकन का अंतिम दिन है। इस बीच शुक्रवार को कांग्रेस ने भी अपने पार्षद प्रत्याशियों को टिकट वितरित कर दिए।



सोनीपत। नामांकन दाखिल करते राजीव जैन, साथ में प्रदेश अध्यक्ष, विधायकगण व अन्य नेता।

## राजीव जैन की आय बढ़ी, पूर्व मंत्री की घटी

आय के मामले में पति-पत्नी के बीच विपरीत रुझान देखने को मिला है। राजीव जैन की वार्षिक आय में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 2 लाख रुपये की वृद्धि हुई है, जबकि उनकी पत्नी और पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन की आय में लगभग 50 लाख रुपये की कमी दर्ज की गई है। हलफनामे के अनुसार राजीव जैन के पास 81.81 लाख रुपये और कविता जैन के पास 1.76 करोड़ रुपये से अधिक की चल संपत्ति है। गहनों की बात करें तो राजीव जैन के पास 50 ग्राम सोना और 4 किलो चांदी है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 6.25 लाख रुपये है। वहीं कविता जैन के पास 150 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत लगभग 27.75 लाख रुपये बताई गई है।परिवार के आश्रितों के पास भी पर्याप्त निवेश है। दिव्यांक जैन के नाम 27.24 लाख रुपये और ख्वाहिश जैन के नाम 34.28 लाख रुपये की चल संपत्ति दर्ज है। हलफनामे के अनुसार दिव्यांक जैन के नाम पर पंजाब नेशनल बैंक से 49.07 लाख रुपये का शिक्षा ऋण भी बकाया है।

## भाजपा प्रत्याशी के पास करोड़ों की संपत्ति, लेकिन निजी कार नहीं

नामांकन के साथ जमा किए गए हलफनामे से राजीव जैन और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति स्पष्ट हुई है। हलफनामे के अनुसार परिवार के पास करोड़ों की चल-अचल संपत्ति है, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि उनके नाम कोई निजी वाहन दर्ज नहीं है।राजीव जैन और उनकी पत्नी कविता जैन की कुल अचल संपत्ति लगभग 4.30 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके अलावा परिवार के पास 2.57 करोड़ रुपये से अधिक की चल संपत्ति भी है। पिछले एक वर्ष में परिवार की कुल संपत्ति में लगभग 50 लाख रुपये की वृद्धि हुई है। वहीं नामांकन से पहले भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने पुरखास अड्डा स्थित अपने कार्यालय में हवन-यज्ञ किया। इसके बाद गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला गया। यह जुलूस गीता भवन, मामा-भांजा चौक और तिरंगा चौक से होता हुआ मिनी सचिवालय पहुंचा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा सहित कई संत और ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रतिनिधि मौजूद रहीं। जुलूस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान, कृष्णा गहलावत, पवन खरखौदा और देवेंद्र कादियान प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, ललित बत्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज और गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने बनाई रणनीति, घर-घर जाकर करेंगे प्रचार

नगर निगम चुनाव के तहत कांग्रेस ने अपने पार्षद प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप देते हुए शुक्रवार को टिकट वितरण किया। सुभाष चौक स्थित जिला कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रत्याशियों को पार्टी का सिंबल और नियुक्ति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरी जिला अध्यक्ष एवं मेयर प्रत्याशी कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, रोहतास बेदी और जयवीर अंतिल समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। संगठन महासचिव मुकेश पन्नालाल और उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा ने भी संगठनात्मक रणनीति पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार ने कहा कि पार्टी ने मजबूत और जीतने वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी के चुनाव चिन्ह 'हाथ' को मजबूत करने की अपील की। कमल दिवान ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में विशेष कमेटियां गठित की गई हैं, जो घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों का प्रचार करेंगी।



सोनीपत। पार्षद प्रत्याशियों को टिकट वितरित करते कांग्रेस के नेता व पदाधिकारी।

## ट्रक व कैंटरों से शराब की अवैध खेप बरामद

■ चुनाव को जिले भर में नाकाबंदी, संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही पुलिस

सोनीपत। नगर निगम चुनाव एवं पंचायती राज उपचुनाव के मद्देनजर जिले में लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोनीपत पुलिस द्वारा सघन नाकेबंदी और विशेष चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। एंटी गैंगस्टर यूनिट, सोनीपत की टीम ने नेशनल हाईवे-44 की सर्विस लेन पर पिपली खेड़ा मोड़ के पास स्थित ताऊ का हिमाचल वैष्णो ढाबा के निकट एक ट्रक को काबू किया। ट्रक चालक अनिल उर्फ लम्बू, निवासी गांव रोहनात (जिला भिवानी) ने पूछताछ में बताया कि ट्रक में चावल की आड़ में अंग्रेजी शराब की पेटियां छिपाकर रखी गई थीं, जिन्हें सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) ले जाया जाना था।जांच के दौरान ट्रक से विभिन्न ब्रांड की 11,328 बोतलें, यानी करीब 944 पेटियां अवैध शराब बरामद की गईं। इसके अलावा थाना खरखौदा क्षेत्र में इंटरस्टेट नाके पर पुलिस ने दो कैंटरों को रोककर तलाशी ली, जिनसे 750 और 600 पेटियां अंग्रेजी शराब बरामद हुईं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह शराब पंजाब से दिल्ली ले जाई जा रही थी, लेकिन चालकों द्वारा निर्धारित मार्ग को बदलकर वैकल्पिक रास्तों का उपयोग किया जा रहा था। संदेह के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर शराब जब्त कर ली। आगे की कार्रवाई के लिए मामला आबकारी विभाग को सौंप दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया पुलिस अलर्ट मोड पर काम कर रही है।

## खबर संक्षेप

### टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने की मांग

गोहाना। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने टीईटी पास करने की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग उठाई है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया और गोहाना हलका से भाजपा विधायक व मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के प्रतिनिधि डॉ. आरके मुदगिल तथा बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल के कार्यालय में उनके भाई इंदुपाल नरवाल को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि टीईटी पास करने की अनिवार्यता उचित नहीं है। सरकार इस अनिवार्यता को रद्द करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में मजबूती से पैरवी करे। यदि सरकार ऐसा नहीं करती है, तो अध्यापक सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कथूरा इकाई के अध्यक्ष रवींद्र चहल, गोहाना खंड के अध्यक्ष सुनील लाठर और मुंडलाना खंड के अध्यक्ष रवींद्र कौशिक की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा। नेतृत्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र चहल ने किया, जबकि संचालन जिला कोषाध्यक्ष रोहताश गंगाना ने किया।

### घर में चोरी करने के दो और आरोपी पकड़े

सोनीपत। घर से बिजली के तार, एसी की गैस पाइप और बिजली केबल चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सागर निवासी नरेला, दिल्ली तथा बाला निवासी अग्रसेन चौक, सोनीपत के रूप में हुई है। इससे पहले इस मामले में विनोद निवासी गढ़ी ब्राह्मणा को गिरफ्तार किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-23 निवासी वीरेंद्र पुत्र महावीर ने 17 अप्रैल को थाना शहर सोनीपत में शिकायत दी थी कि 15 अप्रैल को उनके घर से बिजली के तार, एसी की गैस पाइप और अन्य सामान चोरी हो गया।

### मार्कंडेय मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा

गोहाना। गांव मातंड स्थित महर्षि मार्कंडेय मंदिर में शुक्रवार को मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह, भंडारा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान जयदीप सहरावत की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में 120 नागरिकों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में बाबा कृष्ण दास और बाबा बलबीर दास का सानिध्य रहा। मुख्य अतिथि कर्नल अक्षय सहरावत रहे, जबकि अध्यक्षता पं. हरि स्वरूप ने की। पारिवारिक रक्तदाताओं में प्रदीप, सुषमा, अंजू, शुभम सूरा, प्रीति सूरा, रूक्षर सहरावत और सुनीता सहरावत शामिल रहे। नियमित रक्तदाताओं में पवन कुमार, उपेंद्र, सोनू, अजीत, विकास, नरेंद्र, दीपक सहित अन्य मौजूद रहे।

## अटेरना में बन रही थी नकली इनो हार्पिक, लाइजोल और कोलीन

■ अवैध फैक्ट्री पर छापा, नामी कंपनियों के नकली उत्पाद बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

थाना कुंडली क्षेत्र के गांव अटेरना में पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने एक अवैध फैक्ट्री पर छापेमारी कर नामी कंपनियों के नकली उत्पाद बनाने के बड़े मामले का खुलासा किया है। यह कार्रवाई शिकायतकर्ता मृणाल अग्रवाल की सूचना के आधार पर की गई। छापेमारी के दौरान मौके से राज सिंह पुत्र जयभगवान, निवासी गांव अटेरना को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी इनो, हार्पिक, लाइजोल, कोलीन सहित विभिन्न कंपनियों के नकली उत्पाद तैयार कर रहा था। पुलिस ने फैक्ट्री से लगभग 29,748 इनो के नकली उत्पाद, 10,800 पैकेजिंग पैक, पैकिंग रोल और अन्य कच्चा माल बरामद किया है। इसके अलावा नकली हार्पिक टॉयलेट क्लीनर, लाइजोल और कोलीन के कई उत्पाद भी जब्त किए गए।




■ पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया

### पुलिस ने चार मशीनों को कब्जे में लिया

फैक्ट्री में इस्तेमाल की जा रही चार मशीनों को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। सभी उत्पादों को सील कर उनके नमूने जांच के लिए भेज दिए गए हैं। इस संबंध में थाना कुंडली में कॉपीराइट एक्ट, 1957 की धारा 63 और 65 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हेरोइन और अफीम की तस्करी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

■ आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से हेरोइन तथा दूसरे के पास से अफीम बरामद की है। पहले मामले में पुलिस को सूचना मिली थी कि आशीष उर्फ आशु, निवासी गांव ढुराना (हाल निवासी कैलाश कॉलोनी), हेरोइन लेकर आ रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने नरेला रोड स्थित जगदीशपुर मोड़ के पास नाकाबंदी कर उसे काबू किया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से 13.25 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस संबंध में थाना सेक्टर-27 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। चुनाव को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है।



■ पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा

### तलाशी में 809 ग्राम अफीम बरामद

दूसरे मामले में पुलिस को सूचना मिली कि प्रेम, निवासी गांव बुटाना, अफीम के साथ रेस्ट हाउस के पास खड़ा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 809 ग्राम अफीम बरामद की गई। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर ठगे 2.26 लाख

सोनीपत। साइबर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर एक युवक से 2.26 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई है।गांव बोहला निवासी राहुल ने निजी कंपनी में कार्यरत है और उसके पास एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड है। 21 अप्रैल को उसके मोबाइल नंबर पर एक युवती का कॉल आया, जिसने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव दिया। आरोप है कि बातचीत के दौरान युवती ने कार्ड से जुड़ी गोपनीय जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए 2.26 लाख रुपये निकाल लिए।

युवक से साइबर ठगी



पीड़ित के अनुसार, 98-98 हजार रुपये के दो और 30 हजार रुपये का एक ट्रांजैक्शन किया गया। ठगी का पता चलते ही पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। साथ ही साइबर थाना में भी मामला दर्ज करवाकर कार्रवाई करने और राशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच अधिकारी ने जल्द मामले का खुलासा करने का दावा किया है।

### 14 जून तक अंबाला कैंट तक ही चलेगी जम्मू मेल एक्सप्रेस

## सोनीपत स्टेशन से पंजाब और जम्मू-कश्मीर जाने वाले यात्रियों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा

सोनीपत। सोनीपत स्टेशन से पंजाब और जम्मू-कश्मीर जाने वाले यात्रियों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। ट्रेन संख्या 20433/20434 जम्मू मेल एक्सप्रेस का परिचालन अब 14 जून तक श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा के बजाय अंबाला कैंट स्टेशन तक ही किया जाएगा। पहले इस ट्रेन का 1 जून से कटरा तक संचालन शुरू करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन उत्तर रेलवे ने पंजाब और जम्मू-कश्मीर में चल रहे रेलवे पुलों की मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्यों के चलते इस अवधि को आगे बढ़ा दिया है। रेलवे द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, जम्मू मेल एक्सप्रेस नवंबर 2025 से ही अंबाला तक सीमित होकर चल रही है। पहले 31 मार्च तक यह व्यवस्था लागू थी, जिसे 29 जनवरी को जारी सर्कुलर के माध्यम से 31 मई तक बढ़ाया गया था। अब इसे और बढ़ाकर 14 जून कर दिया गया है। ऐसे में करीब साढ़े पांच महीने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सोनीपत से पंजाब या कटरा रूट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को अन्य ट्रेनों का सहारा लेना पड़ रहा है। गर्मी की छुट्टियों में माता वैष्णो देवी के दर्शन या कश्मीर की वादियों में घूमने की योजना बना रहे यात्रियों को इस निर्णय से परेशानी झेलनी पड़ सकती है। ट्रेन के कटरा तक न जाने से यात्रियों की यात्रा योजना प्रभावित हो रही है।



सोनीपत। स्टेशन पर टिकट घर के साथ बने प्रतीक्षालय में इंतजार करते यात्री।

### अन्य ट्रेनों में बढ़ेगा दबाव

रेलवे ने उत्तर प्रदेश के रास्ते पंजाब की ओर जाने वाली पांच जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों की रद्द अवधि भी बढ़ाकर 14 जून तक कर दी है। इससे जम्मू रूट पर जाने वाले यात्रियों के सामने अतिरिक्त परेशानी खड़ी हो गई है।अन्य ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट बढ़ने के साथ कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो सकता है। कई यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में खड़े होकर सफर करना पड़ सकता है।

### पंजाब व जम्मू रेल मंडल में मरम्मत का काम चल रहा

ट्रेन संख्या 20433/20434 जम्मू मेल एक्सप्रेस का 14 जून तक अंबाला कैंट स्टेशन तक ही परिचालन किया जाएगा। पंजाब व जम्मू रेल मंडल में चल रहे मरम्मत कार्यों के चलते उत्तर प्रदेश के रास्ते अंबाला होकर पंजाब जाने वाली अन्य ट्रेनें भी प्रभावित रहेंगी। 15 जून से इन ट्रेनों का परिचालन सामान्य करने की योजना है।

- हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे

### नीट तीन मई को, 8 परीक्षा केंद्रों पर 2668 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

## सेंटरों पर दो दिन पहले लगेंगे सीसीटीवी, पेपर के लिए दोपहर 1.30 बजे के बाद प्रवेश नहीं मिलेगा

सोनीपत। जिले में 3 मई को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के लिए सोनीपत शहर में 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2668 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण और पारदर्शी आयोजन को लेकर उपायुक्त नेहा सिंह ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अभ्यर्थियों को शांत और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं बेहतर समन्वय के साथ समय पर पूरी की जाएं। बैठक में एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, नगराधीश सिमरन, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### एसओपी का सख्ती से पालन होगा सुनिश्चित : उपायुक्त




### फ्लाइंग स्क्वॉड और ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे परीक्षा से दो दिन पहले तक स्थापित कर दिए जाएं। परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। सभी केंद्रों पर फ्लाइंग स्क्वॉड और ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे, ताकि परीक्षा प्रक्रिया की सतत निगरानी हो सके और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। अभ्यर्थियों को समय पर केंद्रों पर पहुंचने का आह्वान करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि दोपहर 1:30 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर योजना तैयार

परीक्षा के दिन ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार की जाएगी, ताकि परीक्षा केंद्रों के आसपास जाम की स्थिति न बने। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर ट्रैफिक पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। केंद्रों पर पेयजल, छाया, बिजली, शौचालय और बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अभ्यर्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों के लिए भी केंद्रों के पास बैठने की व्यवस्था की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट पर रखा जाएगा।

## किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म



**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफ Style

## साई

## टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना

साईं ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।



### हॉलीवुड मसाला

## दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन



**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




## 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गन: मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



## एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर


**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



## इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

### टीवी मसाला



## खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्यार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

## बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

### बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच' भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

## 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



### कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

### तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

### इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

## रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

## खबर संक्षेप



गोहाना। धन्ना भगत के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि देते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### धन्ना भगत को जयंती पर किया याद

**गोहाना।** शहर के पुराना बस अड्डा स्थित दीनबन्धु छोटूराम चौक में शुक्रवार को धन्ना भगत का जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने धन्ना भगत के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता अध्यात्म में पीएचडी डॉ. समुद्र दास ने कहा धन्ना भगत राजस्थान के एक जाट किसान थे जो अपनी अटूट भक्ति और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण के लिए प्रसिद्ध हुए। उनकी सरल भक्ति और विश्वास ने उन्हें लोकप्रिय बनाया।

### टीबी मरीजों को पोषण आहार किट वितरित

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को सिविल अस्पताल सोनीपत में वीएसपी चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से 125 टीबी मरीजों को पोषण आहार किट वितरित की गई। इस दौरान ट्रस्ट के संस्थापक पालाराम, महेंद्र वशिष्ठ, कपीश कुमार, मांगेराम, पवन शर्मा, डॉ. तरुण यादव, ज्योति, पुष्प लता और नरेश मौजूद रहे। कार्यक्रम में बताया गया कि जो मरीज किसी कारणवश किट लेने नहीं पहुंच सके हैं, उन्हें उनके घर जाकर किट उपलब्ध करवाई जाएगी।

## डा. स्वामी दिव्यानंद महाराज भिक्षु जीवन में आत्मपरिवर्तन का दिया संदेश

# देव विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव में नर्मदेश्वर भगवान का अभिषेक

सच्चा सत्संग वही है, जो व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण।



खरखौदा। यज्ञ में आहुति देते आयोजक विजय कुमार अग्रवाल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जन सेवा जागृति मंच (रजि) सोनीपत के सान्निध्य में आयोजित देव विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में डा. स्वामी दिव्यानंद महाराज भिक्षु ने सत्संग के दौरान श्रद्धालुओं को जीवन में आध्यात्मिकता और आत्मपरिवर्तन का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि भोजन कोई भी बना सकता है, लेकिन भूख तभी शांत होती है जब भूखा व्यक्ति स्वयं भोजन करता है। इसी प्रकार केवल धार्मिक ग्रंथों का पाठ करवाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके अर्थ और भाव को समझकर जीवन में उतारना आवश्यक है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि सुंदरकांड या अन्य पवित्र ग्रंथों का पाठ केवल रटने के रूप में किया जाए और उनके संदेश को जीवन में न अपनाया जाए, तो उसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता। डॉ. भिक्षु ने भगवान शिव की आराधना के संदर्भ में कहा कि शिव की पूजा केवल कामना पूर्ति के लिए नहीं, बल्कि उनकी तरह सहज, सरल और निर्मल बनने के लिए करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चा सत्संग वही है, जो व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। इस अवसर पर नर्मदेश्वर भगवान की विधिवत प्रतिष्ठा और अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में मनोहर लाल मेहता, रामलाल अरोड़ा, रवि ग्रोवर, प्रभु दयाल एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों ने नर्मदेश्वर भगवान का अभिषेक कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कर मंदिर में किया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहर के वार्ड संख्या 9 में सेठ लल्लीमल भजन लाल विजय कुमार अग्रवाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री शिव शक्ति मंदिर का निर्माण एवं मूर्ति स्थापना की गई। इस मंदिर का निर्माण 350 गज क्षेत्र में किया गया है। मंदिर में तीन दिवसीय पूजा-अर्चना के बाद विभिन्न देवी देवताओं की श्रद्धालुओं द्वारा नगर परिक्रमा निकाली गई । जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया।

नगर परिक्रमा के दौरान मंत्रोच्चारण के साथ विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों को पूरे शहर की परिक्रमा कराई गई। इसके बाद मंदिर परिसर में राम दरबार, शिव दरबार, शनिदेव, हनुमान जी, गणेश और राधा कृष्ण सहित कई देवी-देवताओं की मूर्तियो की प्राण प्रतिष्ठा करके विधिवत रूप से स्थापित किया गया। इस मंदिर के निर्माण पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई है। यह मंदिर अब आम जनता को समर्पित कर दिया गया है। जहां श्रद्धालु नियमित रूप से पूजा-अर्चना कर सकेंगे। मंदिर परिसर में हवन यज्ञ व भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति देकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन विजय कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर गगन, धर्मपाल रोहिल्ला, सुनील गर्ग, सुरेंद्र गुप्ता, मुकुट चंद, जितेंद्र (जीतू), वेद प्रकाश दहिया, जयपुर सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और समाजसेवी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### देश को टीबी मुक्त बनाने की विद्यार्थियों ने ली शपथ

**सोनीपत।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता फैलाने के लिए ब्राइट स्कॉलर स्कूल में सुबह की विशेष सभा आयोजित की गई। सभा का मुख्य आकर्षण शपथ ग्रहण समारोह था, जिसका उद्देश्य छात्रों को भारत को टीबी मुक्त बनाने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना था। सभा की शुरुआत छात्र एंकर के एक संक्षिप्त परिचय से हुई, जिसने इस अभियान के महत्व और भारत सरकार के 2025 तक तपेदिक को खत्म करने के लक्ष्य के बारे में बताया। छात्रों को टीबी के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया, जिसमें बीमारी का जल्दी पता लगाने और सही इलाज पर जोर दिया गया। परिचय के बाद, सभी छात्रों और कर्मचारियों को टबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। छात्रों ने स्वास्थ्य के महत्व और राष्ट्र के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को उजागर करते हुए एक सार्थक विचार भी सांझा किए। सभा का समापन समाचारों की सुर्खियों और राष्ट्रगान के साथ हुआ।



### जिला कारागार में शिविर 90 बंदियों की सेहत जांची

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा शुक्रवार को जिला कारागार, सोनीपत में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग 90 बंदियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का संचालन सौम्या जैन (त्वचा रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. जितेंद्र कुमार (फार्मासिस्ट) द्वारा किया गया। उनके साथ नर्सिंग स्टाफ में ऋतु, सोनिया एवं अरुण ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर जिला जेल सोनीपत के सुपरिटेंडेंट राजेंद्र, डिप्टी सुपरिटेंडेंट दीपक हुड्डा, डॉ. दीक्षित (एमओ) एवं फार्मासिस्ट विशाल का विशेष सहयोग रहा। शिविर के दौरान बंदियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, त्वचा संबंधी जांच एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।



### नपा कर्मचारी संघ ने 10वें दिन जारी रखा धरना

सोनीपत। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा इकाई के सदस्यों ने शुक्रवार को 10वें दिन धरना जारी रखा। इसके बाद कर्मचारियों ने रेलवे रोड स्थित नगर निगम कार्यालय से गीता भवन चौक तक झाडू के साथ रोष मार्च निकाल प्रदर्शन किया। लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रोष मार्च का संचालन इकाई सचिव राजाभाई ने किया। इकाई के प्रधान भारत कंडेरा ने बताया कि आयुक्त ने कर्मचारियों की मांगों पर अब तक कोई समाधान नहीं किया है। उन्हें वर्ष 2022 से केवल आश्वासन ही दिए जा रहे हैं। इसके चलते उन्हें मजबूरीवश आंदोलन का फैसला लेना पड़ा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों का अक्तूबर 2022 की 11 दिन की हड़ताल का वेतन बकाया है, जबकि इसका पत्र सरकार ने जारी भी कर रखा है। इसके अलावा वर्ष 2017 से 2023 तक का समान काम समान वेतन के एरियर का भुगतान किया जाए। वर्ष 2018 के पत्र के अनुसार संविदा सफाई कर्मचारियों को विभाग के पेरोल पर किया जाए।



### वकीलों ने लगाया रक्तदान शिविर

**खरखौदा।** न्यायालय परिसर खरखौदा की स्थापना की 11वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में बार एसोसिएशन में हवन यज्ञ एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सुषमा तथा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सूर्य करण चौधरी की उपस्थिति में हवन का शुभारंभ किया। विधायक पवन खरखौदा भी इस मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने बार एसोसिएशन खरखौदा को सहयोग स्वरूप 51 हजार रूपये का चेक भेंट किया। इसके बाद रिबन काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इसके उपरांत माननीय जज सूर्य करण चौधरी ने भी रक्तदान करके वकीलों एवं कोर्ट में आने वाले अन्य लोगों को प्रेरणा दी। इस मौके पर नवीन राणा ने कार्यक्रम में पहुंच कर बार एसोसिएशन प्रधान व अन्य वकीलों को शुभ कामनाएं दी। बार एसोसिएशन की तरफ से प्रधान आशुतोष सरोहा ने सभी अधिवक्ताओं, अतिथियों, कोर्ट स्टाफ और कोर्ट में पैरवी करने वाले लोगों को न्यायिक परिसर की स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और भरोसा दिलाया कि बार एसोसिएशन इसी प्रकार निष्पक्ष तरीके से लोगों को न्याय दिलाती रहेगी। इस रक्तदान शिविर का आयोजन करने में सहयोग करने वाले लायंस क्लब सेंटर दिल्ली और भारतीय जनित परिषद के अध्यक्ष भरत को सहयोग स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किए।



### बाल विवाह के विरूद्ध जिला न्यायालय में कार्यशाला

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर केंद्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला एमडीडी ऑफ इंडिया, सोनीपत के सहयोग से मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रचेता सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। इस अवसर पर एमडीडी ऑफ इंडिया, सोनीपत के जिला समन्वयक डॉ. राज सिंह सांगवान ने प्रतिभागियों को बाल विवाह की रोकथाम, संबंधित कानूनों और उनके सही क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सुनीता देवी, साहिल, सरिता, राममन्ना तथा पुलिस विभाग से ट्रेनिंग इंचार्ज बंसीलाल (सब-इंस्पेक्टर) ने भी भाग लिया।



गन्नौर। एक महीने पहले बनी सीमेंटेड गली टूटने पर प्रदर्शन करते किसान नेता वीरेंद्र पहल व स्थानीय लोग। फोटो : हरिभूमि

## एक महीने में टूटी सीमेंटेड गली लोगों का फूटा गुस्सा, प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगरपालिका द्वारा बनाई गई सीमेंटेड गली एक माह में ही टूटने पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। वार्ड 15 में इंद्रा क्लिनिक वाली गली के क्षतिग्रस्त होने से नाराज लोगों ने नगरपालिका के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया भाकियू चढूनी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पहल ने कहा कि गली का निर्माण एक माह पहले कराया गया था, लेकिन निर्माण के तुरंत बाद ही इसमें दरारें पड़ने लगीं। निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसके कारण गली टिक नहीं पाई। उन्होंने आरोप लगाया कि गली का लेवल सही नहीं है, जिससे नालियों में पानी जमा रहता है और बारिश के समय पानी सड़क पर ही खड़ा हो जाता है। लोगों ने प्रशासन और ठेकेदार के बीच मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना गुणवत्ता जांच के ही ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### हाउस रेंट बढ़ाकर 10, 20 और 30 प्रतिशत किया जाए : खोखर



**गोहाना।** ऑल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक खोखर ने राज्य सरकार से महंगाई भत्ते के अनुसार हाउस रेंट बढ़ाकर 10, 20 और 30 प्रतिशत करने की मांग की है। खोखर ने कहा कि सरकार वर्तमान में अपने कर्मचारियों को हाउस रेंट 8, 16 और 24 प्रतिशत दे रही है। 7वें वेतन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत ऊपर होने पर शहर की जनसंख्या के हिसाब से हाउस रेंट की दरें 10, 20 और 30 प्रतिशत होनी चाहिएं। उन्होंने कहा कि फिलहाल महंगाई भत्ता 60 प्रतिशत हो चुका है और हरियाणा प्रदेश में सरकार अपने कर्मचारियों को हाउस रेंट 8, 16 और 24 प्रतिशत दे रही है। 7वें वेतन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सरकार महंगाई भत्ता बढ़ाकर 10, 20 और 30 प्रतिशत करे।

## आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्परों ने मांगों को लेकर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

- कर्मचारी का दर्जा देने, गुजरात की तर्ज पर ग्रेच्युटी लागू करने, बढ़ा वेतन देने की मांग



सोनीपत। सीटीएम को ज्ञापन सौंपतीं यूनियन की पदाधिकारी एवं सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू हरियाणा व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला सोनीपत की सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को डीसी कार्यालय पर धरना दिया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान उषा देवी ने की, जबकि संचालन सोना देवी ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए सिलक राम मलिक, श्रद्धानंद सोलंकी तथा राज्य सचिव बिजनेस राणा ने बताया कि 16 अप्रैल 2026 को डायरेक्टर आईसीडीएस हरियाणा के साथ यूनियन की वार्ता सकारात्मक माहौल में हुई थी, लेकिन अब तक उस वार्ता का कोई लिखित पत्र जारी नहीं हुआ है, जिससे वर्कर व हेल्परों में रोष बना हुआ है। उन्होंने बताया कि मुख्य मांगों में आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्परों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देना, गुजरात की तर्ज पर ग्रेच्युटी लागू करना, केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए वेतन को लागू करना, हेल्परों को 7500 रुपये वेतन देना, खाली पदों को नियमित भर्ती से भरना तथा न्यूनतम वेतन 15200 रुपये लागू करना शामिल है। आंदोलन के दौरान डीसी के माध्यम से डायरेक्टर आईसीडीएस को ज्ञापन सौंपा गया, जिसे सीटीएम को दिया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान उषा देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## झाड़ू उल्टी कर सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- मांगें पूरी नहीं हुईं तो 27 और 28 अप्रैल को क्रमिक अनशन पर बैठेंगे




गोहाना। प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की गोहाना इकाई से जुड़े सफाई कर्मियों ने शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी झाड़ू उल्टी कर विरोध जताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व इकाई अध्यक्ष प्रेम सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को 'समान काम, समान वेतन' की नीति को लागू करना चाहिए। साथ ही नगर निकायों में चल रही ठेकाप्रथा पर पूरी तरह रोक लगाई जाए और कच्चे कर्मचारियों को बिना किसी शर्त के स्थायी किया जाए। प्रेम सिंह ने बताया कि हाल ही में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि जिन कर्मचारियों ने किसी भी विभाग में 10 साल की सेवा पूरी कर ली है, उन्हें बिना शर्त पक्का किया जाए। साथ ही उनका बकाया एरियर छह प्रतिशत ब्याज सहित दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को इस फैसले को लागू करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर संघ लगातार संघर्ष करता रहेगा। इसी कड़ी में 27 और 28 अप्रैल को सफाई कर्मी क्रमिक भूख हड़ताल पर भी बैठेंगे। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और सरकार से जल्द समाधान की मांग की।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पर परिवारवाद के आरोप



**गन्नौर।** नगर निगम पार्षद पुनीत त्यागी की टिकट कटने के बाद त्यागी समाज में नाराजगी को लेकर शुक्रवार को गढ़ी केसरी स्थित परशुराम भवन में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गन्नौर बार एसोसिएशन प्रधान गौरव त्यागी ने की, जिसमें समाज के अनेक लोगों ने भाग लिया। बैठक में वक्ताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रिश्तेदार को टिकट देने पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुनीत त्यागी लंबे समय से पार्टी के प्रति निष्ठावान रहे हैं, इसके बावजूद उनका टिकट काटा जाना अनुचित है। आरोप लगाया गया कि उनका टिकट काटकर एक रिश्तेदार को दिया गया, जिसने पूर्व में निर्दलीय चुनाव लड़ा था और पुनीत त्यागी से ही वे हार गए थे। बैठक में पार्षद अंकित त्यागी व अमित त्यागी ने कहा कि समाज के साथ मिलकर जल्द ही आगे की रणनीति तय की जाएगी। अमित त्यागी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से इस मामले में पुनर्विचार करने की मांग भी की। इस अवसर पर सरपंच महेश त्यागी, बड़ी गांव के सरपंच अरुण त्यागी, सुनील पटवारी गढ़केसरी, अशोक त्यागी, नवीन त्यागी, बिजेंद्र त्यागी, हरविंदर त्यागी, प्रमोद त्यागी, नीटू त्यागी, सुरेश त्यागी आदि मौजूद रहे।

### 28 से 30 मई तक कक्षा तीसरी, चौथी व 5वीं के छात्रों का किया जाएगा मूल्यांकन

## सीआरपी को लेकर अध्यापन पर मेंटर्स ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। राजकीय विद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण लेते मेंटर्स।

शिक्षा विभाग की ओर से जिले के सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में चल रहे कक्षा तत्परता कार्यक्रम (सीआरपी) के तहत विभिन्न गतिविधियों पर आधारित विशेष प्रशिक्षण अध्यापन के लिए रणनीति बनाई गई। इसके तहत बालवाटिका-3 से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों पर आधारित शिक्षा दी जा रही है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में पढ़ाई के प्रति और रूचि बढ़ाना, उनकी बुनियादी स्तर पर भाषा व गणितीय समझ को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम पिछले शैक्षणिक वर्ष की दक्षता में पिछड़ रहे विद्यार्थियों को आनंददायक व संवादात्मक तरीके से आगे बढ़ाने में अहम रोल अदा करेगा। जिला एफएलएन समन्वयक मनोज वर्मा ने बताया कि निपुण हरियाणा मिशन के तहत गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी जिलों में सीआरपी कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसमें सर्वप्रथम निदेशालय से राज्य परियोजना क्रियान्वन इकाई की सदस्य बुला कालड़ा ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के माध्यम से सभी मेंटर्स को एक-एक घंटे का प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा शिक्षा विभाग की ओर से प्राथमिक शिक्षकों को यूट्यूब पर 1 घंटे का लाइव सेशन टेलीकास्ट दिखाया गया। सभी प्राथमिक शिक्षकों ने अपने-अपने क्लस्टर पर कार्यक्रम को लाइव देखा। इस दौरान सभी क्लस्टर मुखिया भी मौजूद रहे। मनोज वर्मा ने बताया कि विद्यालयों में कार्यक्रम के तहत बच्चों को कहानियों, कविताओं, खेल, रोल प्ले व विभिन्न प्रोजेक्ट के माध्यम से गतिविधियां करवाई जाएगी। इसको लेकर विभाग की ओर से कार्यक्रम की समय सारिणी भी तैयार की गई। जिसे सभी विद्यालयों को 26 मई तक तक अपनाया जाना अनिवार्य रहेगा। इसके बाद 28 से 30 मई तक कक्षा तीसरी, चौथी व 5वीं के विद्यार्थियों का मूल्यांकन होगा। जिसमें तर्क क्षमता विकसित करना, जोड़ घटाव, गुणा इत्यादि आधारित मूल्यांकन शामिल रहेगा।

### गतिविधियों को आनंददायक बनाने पर जोर

शिक्षा विभाग कक्षा तत्परता कार्यक्रम को लेकर कटिबद्ध है। हमें ऑब्जरवेशन के दौरान यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी विद्यालयों में यह कार्यक्रम अच्छी तरह से लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम अध्यापकों के लिए यह सुनिश्चित करेगा कि आज क्या पढ़ना है, कैसे सीखना है। इन सबको आनंददायक गतिविधियों से किस तरह से जोड़ा जाना है, ताकि कक्षा कक्ष का माहौल रोचक, भागीदारी पूर्ण व प्रभावशाली बनाया जा सके।

-रचना बाना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### लक्ष्य भेदने को मेहनत और इरादा मजबूत रखें

**गोहाना।** राजकीय महिला कालेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभावान छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयोग कमिश्नर अमरजीत सिंह ने कहा कि छात्राएं लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें और उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें।

### एलसीएलओ कर्मचारियों ने चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

सोनीपत। हरियाणा में एलसीएलओ कर्मचारियों और सरकार के बीच विवाद लगातार गहराता जा रहा है। पिछले सात महीनों से कुरुक्षेत्र में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने अब आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान पवन पलवल ने बताया कि यूनियन ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है और 10 मई को सोनीपत में होने वाले नगर निगम चुनाव में भागीदारी नहीं करने का फैसला लिया गया है।कर्मचारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों से कई बार मुलाकात के बावजूद समाधान नहीं हुआ। इस मौके पर गुरमीत रंगा, मीणा सिवाच, रीतू नैन, कीर्ति, नवीन देसवाल, दीपक कुमार, प्रवीण, अजय, रविन्द्र पलवल, सचिन और रीतू गोहाना सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

**सूचना**


मैं, रोहताश पुत्र श्री करतार निवासी गांव गामड़ी तहसील गोहाना, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नवीन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### प्रशासन ने दुकानें गिराने के बाद नहीं ली खाली जमीन की सुध

# अस्थायी पार्किंग में शाम होते ही पहुंच जाते शराबी, खुलेआम छलकते हैं जाम

वर्ष 1977 में तत्कालीन नगर पालिका ने किराए के लिए दुकानों का करवाया था निर्माण, 2009 में उच्च न्यायालय ने हटाने के दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत





सोनीपत। सोनीपत के सुभाष चौक के पास पार्किंग स्थल पर गाड़ी के बोनट पर सजाई गई महफिल और दुकानों के बाहर थड़ों पर बैठकर शराब का सेवन करते लोग

सुभाष चौक के पास कस्टोडियन की जमीन पर बनी 17 दुकानों को ध्वस्त किए जाने के बाद तैयार किए गए खाली स्थल का उपयोग फिलहाल अनियंत्रित ढंग से होने लगा है। दिन के समय यह जगह अस्थायी पार्किंग के रूप में इस्तेमाल हो रही है, लेकिन शाम ढलते ही यहां का माहौल बदल जाता है।

शराब का सेवन करने वाले लोग अपनी गाड़ियों के साथ यहां जुटने लगते हैं और खुलेआम शराबखोरी की महफिलें सजने लगती हैं। कुछ लोग तो कारों के बोनट को ही बार की तरह इस्तेमाल करते हुए स्नैक्स और शराब की बोतलें सजाकर बैठ जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन और पुलिस इस स्थिति से अनजान बने हुए हैं या फिर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। अक्टूबर 2025 में इन दुकानों को गिराने के बाद प्रशासन और नगर निगम ने जमीन को समतल तो करवा दिया, लेकिन इसके बाद इस स्थान के उपयोग या रखरखाव को लेकर कोई योजना लागू नहीं की गई।

यह जगह धीरे-धीरे असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर यहां वाहन खड़े रहते हैं और शाम होते ही शराब पीने वालों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे आसपास का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है।सुभाष चौक शहर के पॉश इलाकों में गिना जाता है। इसके आसपास एटलस रोड पर कई बड़े ब्रांड के शोरूम, मॉडल टाउन और कच्चे क्वार्टर मार्केट जैसे व्यावसायिक क्षेत्र स्थित हैं। ऐसे में इस तरह की गतिविधियां इलाके की छवि को खराब कर रही हैं। लोगों का आरोप है कि खुलेआम शराब पीने के अलावा यहां अस्थायी अहाते भी चल रहे हैं, जो नियमों की सीधी अवहेलना है। इस पूरे मामले की पृष्ठभूमि भी लंबी कानूनी प्रक्रिया से जुड़ी रही है।

#### पार्किंग और ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित थी जमीन

वर्ष 1977 में तत्कालीन नगरपालिका ने पार्किंग और ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित जमीन पर अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कर उन्हें किराए पर दे दिया था। बाद में इस गलती को सुधारने के लिए उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई। 2009 में अदालत ने अवैध निर्माण हटाने के आदेश दिए, जिसके तहत कुछ दुकानों को गिरा दिया गया, लेकिन शेष दुकानों पर मामला कोर्ट में लंबित रहा।लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 2023 में हाईकोर्ट ने स्टे हटाया और प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की, लेकिन दुकानदार सुप्रीम कोर्ट चले गए, जिससे प्रक्रिया फिर रुक गई। अंततः दिसंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने स्टे खारिज कर दुकानों को हटाने का रास्ता साफ किया। इसके बाद प्रशासन ने अक्टूबर 2025 में दुकानों को पूरी तरह गिरा दिया और दुकानदारों के पुनर्वास का प्रस्ताव भी पारित किया।हालांकि, दुकानों को हटाए जाने के लगभग छह महीने बाद भी इस जमीन के उपयोग को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। यही कारण है कि यह स्थान अब अव्यवस्था और नियमों की अनदेखी का प्रतीक बनता जा रहा है। स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस जगह का सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए और यहां हो रही अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए।



## पंचायती राज ग्रामीण प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी: प्रधानाचार्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

■ हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के प्रभावशाली भाषण से हुई, जिसमें पंचायती राज की संरचना, उसके महत्व और ग्रामीण विकास में उसकी भूमिका को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया गया।

विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम से गांवों की एकता, आत्मनिर्भरता और स्वशासन की भावना को जीवंत किया। विद्यालय के प्रबंधक सुनील नागपाल , प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज ग्रामीण प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी है, जो आम लोगों को विकास कार्यों में सीधे भागीदारी का अवसर देती है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था लोकतंत्र को मजबूत बनाने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास में भी सहायक सिद्ध होती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने सभी का मन मोह लिया।

### नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल आज और कल

सोनीपत। 19वीं सब-जूनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए सोनीपत जिले की टीमों के चयन हेतु 25 और 26 अप्रैल को ओपन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। नेटबॉल एसोसिएशन डिस्ट्रिक्ट सोनीपत के महासचिव सुनील राठी ने बताया कि 19वीं सब-जूनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 19 से 20 जून 2026 तक हरियाणा खेल विवि राई, सोनीपत में किया जाएगा। टीम चयन के लिए ओपन ट्रायल व प्रशिक्षण शिविर 25 और 26 अप्रैल को शाम 5 बजे से सरकारी प्राथमिक विद्यालय सिसाना में आयोजित किए जाएंगे।



गन्नौर। लहरी सिंह पार्क में शुरू हुए सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करते नपाध्यक्ष अरुण त्यागी।

## लहरी सिंह पार्क के सौंदर्यीकरण का काम शुरू, ढाई करोड़ होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

ठेकेदार ने शुरू करवाया निर्माण कार्य

नगरपालिका के साथ लगते लहरी सिंह पार्क के सौंदर्यीकरण व विकास कार्य की शुरुआत कर दी गई है। करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से पार्क को आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना को एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे शहरवासियों को एक बेहतर और सुविधाजनक सार्वजनिक स्थल मिल सके।

ठेकेदार द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने पार्क का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा। विकास कार्य के तहत पार्क में ओपन जिम, वाकिंग ट्रैक और बच्चों के लिए आकर्षक प्ले एरिया बनाया जाएगा। इसके अलावा सोलर ट्री, डिजाइनर लाइटें, बैठने के लिए बेंच, आधुनिक शौचालय, गार्ड रूम और पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। पार्क के मुख्य द्वार को सुंदर और आकर्षक बनाया जाएगा तथा बीच में फ्लैग पोस्ट भी स्थापित किया जाएगा। पार्क के विकसित होने से न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि लोगों को सैर-सपाटे और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान मिलेगा।

### भाजपा ने महिलाओं को दिया पूरा सम्मान : डॉ. किरण



गोहाना। जिला गोहाना भाजपा प्रभारी डॉ. किरण कलकल ने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही महिलाओं का सम्मान किया है। कांग्रेस ने नारी शक्ति अधिनियम का विरोध करके महिलाओं को सशक्त होने से वंचित करने का काम किया है। वे शुक्रवार को शहर में सोनीपत मार्ग स्थित भाजपा जिला गोहाना कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। डॉ. किरण कलकल ने कहा भाजपा ने अपने शासन काल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना, लखपति दीदी योजना, उज्ज्वला योजना लागू करके महिलाओं को सशक्त किया है। अगर कांग्रेस नारी शक्ति अधिनियम का विरोध नहीं करती तो महिलाओं की राजनीतिक तौर पर भागीदारी बढ़ती। इसके लिए आने वाले चुनावों में महिलाएं वोट की चोट से कांग्रेस को सबक सिखाने का काम करेंगी। इस मौके पर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना शर्मा एवं बाला सैनी भी मौजूद थी।

## स्वर्ण पदक विजेता टीम के कोच अमन खत्री को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा




कल्पना चावला विद्यापीठ के कोच अमन खत्री द्वारा प्रशिक्षित पुरुष टीम ने सीनियर रग्बी नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल विद्यालय का, बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। उक्त प्रतियोगिता 16 से 21 अप्रैल तक बिहार के राजगीर स्थित स्टेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गई थी। जिसमें देशभर की कुल 26 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबला हरियाणा और महाराष्ट्र के बीच खेला गया, जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की टीम ने जीत दर्ज की और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अपनी इस गौरवमयी उपलब्धि के साथ विद्यालय वापस लौटने पर कोच अमन खत्री का बेहद भव्य और उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।

#### प्राचार्या और स्टाफ ने दी बधाई

विद्यार्थी अपने अध्यापक को स्वर्ण पदक के साथ देखकर अत्यंत उत्साहित थे, जो उनके लिए किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रितु और समस्त अध्यापकगण ने कोच अमन खत्री को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस जीत को विद्यालय के लिए प्रेरणा का स्रोत बताते हुए उनके निरंतर सफल भविष्य की कामना की है। पूरी टीम और विद्यालय परिवार इस शानदार उपलब्धि से अत्यंत गौरवान्वित है।

### छात्राओं को टीकाकरण के लिए किया जागरूक

गोहाना। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर कलां द्वारा कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. हेमंत ने छात्राओं को बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) एक सामान्य संक्रमण है, जो भविष्य में सरवाइकल कैंसर का कारण बन सकता है। इस संक्रमण से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने ने छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन के लाभ, इसेकी सुरक्षा और सही उम्र में टीका लगवाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न भी पूछे। विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सिंह ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना है। इस अवसर पर हेल्थ इंस्पेक्टर कर्मबीर मलिक, एमपीएचडब्ल्यू कृष्ण और एएनएम सुनीता भी मौजूद रहे।

### अभिनव मेमोरियल ट्रस्ट ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



खरखौदा । अभिनव मेमोरियल ट्रस्ट ने फरमाना में मेधा सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा और पूर्व मंत्री एवं राई विधायक कृष्णा गहलावत ने शिरकत की। ट्रस्ट के अध्यक्ष दयानंद ने बताया कि यह ट्रस्ट अभिनव की स्मृति में स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के मेधावी छात्रों को शुद्ध चांदी के मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिनमें 50 प्रथम स्थान, 47 को दूसरा स्थान, 42 को तीसरा, 18 स्पोर्ट्स छात्र, 9 प्रिंसिपल, 8 हेल्पर शीट कुल 194 मेधावियों को सम्मानित किया गया। जिसमें तीसरे और दूसरे स्थान पर आने वाले छात्रों को 50-50 ग्राम के चांदी के मेडल दिए गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 60 ग्राम चांदी के मेडल दिए गए, जिन पर सोने की परत चढ़ाकर उन्हें गोल्ड मेडले का स्वरूप दिया गया। इस मौके पर बच्चों के लिए एक खेल स्टेडियम का उद्घाटन भी किया गया। फरमाना के सरपंच जगदीश ने आश्वासन दिया कि गांव में पंचायत की ओर से जल्द ही ओपन जिम भी स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर सुखबीर फरमाना, वीरेंद्र सिंह, मोहन सिंह, नरेंद्र, जोगिंद्र, आदि उपस्थित रहे।

### 25.59 लाख की ठगी का आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। साइबर थाना पुलिस ने ट्रेडिंग अकाउंट खोलकर मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी रशीद निवासी सहसपुर, उत्तराखंड को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त ममता सिंह के नेतृत्व और साइबर टीम के मार्गदर्शन में की गई। मामले की शुरुआत 31 मार्च 2026 को हुई, जब प्रगति नगर निवासी सुनीत ने शिकायत दी कि उसे व्हाट्सएप कॉल के जरिए 500 प्रतिशत मुनाफे वाली निवेश योजना का लालच दिया गया। आरोपियों ने उसे व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर ट्रेडिंग क्लास दिखाई और 15 जनवरी से 27 फरवरी के बीच 25.59 लाख रुपये जमा करवा लिए। बाद में और पैसे मांगने पर ठगी का पता चला। पुलिस ने 15.75 लाख रुपये फ्रीज कर दिए हैं।

### वार्षिक साक्षरता फेस्ट में जीवीएम कॉलेज की काजल रही अव्वल



सोनीपत। गीता विश्वविद्यालय में वार्षिक साक्षरता फेस्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कविता-पाठ प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा काजल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वरचित काव्य पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर काजल को पुरस्कार स्वरूप 2100 रुपये की नकद राशि एवं एक ट्रॉफी प्रदान की गई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी और प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने काजल को उनकी उल्लेखनीय सफलता पर शुभकामनाएं दीं । डा. परूथी ने कहा कि काजल की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, बल्कि यह पूरे संस्थान के लिए भी गर्व का विषय है। कार्यक्रम के अंत में कला संकाय की डीन, संगीता शर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया और विद्यार्थियों को आगे भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### बच्चों के साथ आदर्श व्यवहार और उत्तम संगति पर विशेष ध्यान दें:आचार्य जयेन्द्र

सोनीपत। आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत के सप्त दिवसीय वार्षिकोत्सव के पांचवें दिवस का आयोजन संस्था प्रधान ज्ञानेश्वर त्यागी की अध्यक्षता तथा आचार्य जयेन्द्र आर्य गुरुकुल नोएडा के ब्रह्मत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आर्य समाज के पुरोहित आचार्य सतन देव सत्यम द्वारा वेद वाणी के पाठ से हुई तथा मंच का संचालन भी उन्होंने कुशलतापूर्वक किया। यज्ञ के उपरांत बरेली से आमंत्रित संगीत रत्न आचार्य भानु प्रकाश शास्त्री ने परमेश्वर भक्ति, सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्र निर्माण से जुड़े भजनों तथा महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती के गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। मुख्य वैदिक प्रवक्ता आचार्य जयेन्द्र आर्य ने अपने प्रवचन में बताया कि महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती ने संस्कार विधि में 16 संस्कारों का वर्णन किया है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को जन्म से पूर्व ही बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए योजना बनानी चाहिए तथा बच्चों के साथ आदर्श व्यवहार, सकारात्मक वातावरण और उत्तम संगति पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में ज्ञान ठाकुर, महेश जुनेजा, मधु आर्या, हरि चन्द स्नेही, सुमन भगत, गीता सहगल, प्रमोद मल्होत्रा, सविता मल्होत्रा, सतीश रेलन, ऊषा सपरा, विनोद सहगल, विद्यालय स्टॉफ, विद्यार्थी और अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। समारोह का समापन रविवार को ऋषि लंगर भंडारे के साथ किया जाएगा।

फोटो 24 एसएनपी 4. आर्य समाज मॉडल टाउन में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### 16 मिनट 42 सेकेंड और 88 माइक्रो सेकेंड में पूरी की रेस

# मुस्कान ने दौड़ में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सोनम परमार ने 16 मिनट 47 सेकेंड का समय लिया



सोनीपत की धाविका मुस्कान ने जूनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। मुस्कान ने 16 मिनट 42 सेकेंड और 88 माइक्रो सेकेंड का समय निकालते हुए एशियाई क्वालिफाई मार्क्स भी हासिल कर लिया। निर्धारित एशिया क्वालिफाई मानक समय 16 मिनट 52 सेकेंड और 54 माइक्रो सेकेंड था, जिसे पीछे छोड़ते हुए मुस्कान ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

यह प्रतियोगिता एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 24वीं जूनियर नेशनल (अंडर-20) फेडरेशन प्रतियोगिता के रूप में महात्मा गांधी स्टेडियम तुमकुर (कर्नाटक) में 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य से 33 लड़कियों और 67 लड़कों सहित कुल 100 खिलाड़ियों का दल भाग ले रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन 5000 मीटर दौड़ में मुस्कान (हरियाणा) ने स्वर्ण पदक जीतकर सोनीपत जिले का नाम रोशन किया। इसी स्पर्धा में सोनम परमार ने 16 मिनट 47 सेकेंड और 89 माइक्रो सेकेंड का समय लेकर रजत पदक हासिल किया, जबकि महाराष्ट्र की साक्षी भंडारी ने कांस्य पदक जीता। वहीं, महिला वर्ग की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में भी हरियाणा की खिलाड़ी रिद्धि (हिसार) ने 48 मीटर 92 सेंटीमीटर की थ्रो के साथ रजत पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। इस स्पर्धा में पंजाब की अमानत कंबोज ने 52 मीटर 27 सेंटीमीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक और सुप्रिया अत्री ने 48 मीटर 02 सेंटीमीटर की थ्रो के साथ कांस्य पदक हासिल किया। एथलेटिक्स हरियाणा के पदाधिकारियों ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दीं।

### राठधना रोड पर कड़े सुरक्षा इंतजाम यातायात नियमों की कराई पालना




सोनीपत। पुलिस आयुक्त ममता सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) मेधा भूषण के नेतृत्व में ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रोड पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा प्रबंधन का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस टीम ने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए नियमों की पालना सुनिश्चित कराई गई। ड्रिंक एंड ड्राइव जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए विभिन्न स्थानों पर विशेष नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान एसीपी राई विपिन अहलावत, एसएचओ थाना राई धीरज कुमार तथा एसएचओ थाना कुंडली सेठी मलिक मौजूद रहे। पुलिस ने आमजन और छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित वाहन चलाने का संदेश भी दिया।